लोक सभा अध्यक्ष ने भारत की अंडर-19 क्रिकेट टीम को आईसीसी अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप जीतने पर बधाई दी

नई दिल्ली, 08 फरवरी, 2022: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज सदन में भारत की अंडर-19 क्रिकेट टीम को आईसीसी अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप जीतने पर बधाई दी है। अपने संदेश में श्री बिरला ने कहा कि:

'माननीय सदस्यगण मुझे आपको सूचित करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि भारत की अंडर-19 क्रिकेट टीम ने 5 फरवरी 2022 को वेस्टइंडीज में आयोजित आईसीसी अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप रिकॉर्ड पांचवीं बार जीतकर एक अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की है।

हमारे युवा खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा, अद्भुत कौशल, दृढ़ निश्चय, कठोर परिश्रम तथा उत्कृष्ट समर्पण के बल पर कोरोना वैश्विक महामारी की चुनौतियों को पार करते हुए यह असाधारण सफलता हासिल की है। उनकी इस विजय से निश्चित रूप से अन्य खिलाड़ियों तथा देश के करोड़ों युवाओं को प्रेरणा मिलेगी।